# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## मंगलवार, 31 मार्च, 2015/10 चैत्र, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 50**

----

### ओवर ब्रिज की डी0पी0आर0

***1850 श्री पवन काजल (कांगड़ा) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कांगड़ा विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत रेलवे लाइन पर बनने वाले पुल जो सकौट को जोड़ेगा तथा कोहला से मन्दल को जोड़ने वाले पुलों की डी0पी 0आर0 की अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

### ट्रांसफार्मर की स्थापना

***1851 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में विद्युत उप-मण्डल गंगथ, इन्दौरा, डमटाल और रे में बिजली आपूर्ति करने हेतु कितने ट्रांसफार्मर स्थापित हैं और कितने लगाये जाने प्रस्तावित हैं; और

(ख) यह कब तक स्थापित कर दिए जाएंगे ?

----

## Bus Stand Dalhousie

***1852 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister** be pleased to state that:-

(a) whether there is any proposal of the government to construct a Bus stand at Dalhousie; and

(b) has any land been identified for this purpose ?

----

## सड़क निर्माण

***1853 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र की ग्राम पंचायत जुनास व ग्राम पंचायत गुईला की सड़क स्वीकृत है; और

(ख) यदि हां, तो ग्राम पंचायत जुनास की सड़क बनाने का कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया; ब्यौरा दें?

----

## आवास सुविधा

***1854 श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी) :**
**श्री राम कुमार (दून) :**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में गरीब लोगों को आवास उपलब्ध करवाने हेतु आवास योजनाएं कब से प्रारम्भ की गई और दिनांक 15.2.2015 तक कितने पात्र लोगों को यह सुविधा दी जा चुकी है और कितनी शेष है; ब्यौरा जिलावार दें;

(ख) वर्तमान में जिला सोलन के सभी पांचों विकास खण्ड कार्यालयों में कितने पात्र लोग आवास सुविधा से वंचित हैं और कितनों को दी जा चुकी है; ब्यौरा विकास खण्डवार दें; और

(ग) सरकार क्या पंचायत द्वारा दी गई प्राथमिकता सूची को आधार मान कर आवास आबंटित करती है; यदि नहीं, तो क्यों ?

----

## मोर्च-घडगूं सड़क

***1855 श्रीमती सरवीन चौधरी (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) कांगड़ा लोक निर्माण मण्ड़ल के अन्तर्गत मोर्च-घडगूं सड़क की स्वीकृति कब हुई तथा इस पर कितनी धनराशि व्यय होगी; ब्यौरा दें;

(ख) इस सड़क पर कुल कितने पुलों का निर्माण प्रस्तावित है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) इस सड़क का मामला FCA क्लीयरेंस के लिए कब भेजा गया तथा उसकी स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## गन्दम को रतवा रोग

***1856 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में हाल ही में भारी वर्षा से गन्दम की फसल को रतवा रोग से नुकसान हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो विभाग ने इस समस्या से निपटने हेतु क्या पग उठाए हैं; ब्यौरा सभा पटल पर रखें ?

----

## प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना

***1857 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :**
**श्री रिखी राम कौंडल(झण्डुता) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2013-14 व 2014-15 के दौरान प्रदेश को प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत कुल कितनी सड़कें स्वीकृत हुई तथा कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; ब्यौरा विधान सभा क्षेत्रशः सड़कवार दें ?

----

## कृषक मित्र योजना

***1858 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में कृषक मित्र योजना कब शुरू हुई;

(ख) वर्तमान में इस योजना के अन्तर्गत कितने व्यक्ति कार्य कर रहे हैं व उन्हें प्रतिमास

कितना वेतन/मानदेय दिया जाता है ;

(ग) प्रदेश को इस योजना के अन्तर्गत केन्द्र सरकार द्वारा  कितनी धनराशि जारी की गई है;

(घ) इन कृषक मित्रों को कब से वेतन/मानदेय देय है और इन्हें अब न देने के क्या कारण हैं; और

(ङ) वर्तमान में सरकार द्वारा आत्मा योजना के अन्तर्गत कृषक मित्र गतिविधियों पर व्यय न करने के क्या कारण हैं, ब्यौरा दें ?

----

## अध्यापकों की नियुक्ति

*1859 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार ने विद्यालयों में 100-100 उर्दू व पंजाबी भाषा के अध्यापकों को नियुक्त करने का निर्णय लिया था; यदि हां, तो दिनांक 15.2.2015 तक कितने अध्यापकों को नियुक्त किया गया है; ब्यौरा पाठशालावार दें?

----

## मनरेगा  के अन्तर्गत धनराशि की स्वीकृति

*1860 **श्री जय राम ठाकुर (सिराज़) :**
**श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़) :**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए प्रदेश सरकार ने मनरेगा (MGNREGA) में कुल कितना Labour Budget केन्द्र सरकार की स्वीकृति के लिए भेजा था;

(ख) केन्द्र ने कितनी धनराशि की स्वीकृति प्रदान की तथा इनमें से कितनी खर्च की जा चुकी है; ब्यौरा दें; और

(ग) कितने लोगों को रोज़गार मांगने के उपरान्त नहीं दिया गया और कितनों को वेतन का भुगतान नहीं किया जा सका?

----

## विभिन्न श्रेणियों की रिक्तियां

***1861 श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) लोक निर्माण मण्डल अर्की के अन्तर्गत विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; और

(ख) इन पदों को कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## पुल निर्माण

***1862 श्री खूब राम (आनी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि निरमण्ड लोक निर्माण मण्डल के अन्तर्गत उप-मण्डल ब्रौ के चाटी स्थान पर फुट ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है; यदि हां, तो कब तक ?

----

## सड़कों का निर्माण

***1863 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2014-15 में सरकार द्वारा जिला ऊना के अन्तर्गत कितनी नई सड़कें बनाने का प्रावधान है; ब्यौरा मण्डलवार दें ?

----

## Installation of Tubewells

***1864 Shri Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-
(a) whether the Government proposes to change/lower the electricity rate for the tubewells installed by the Soil Conservation Department at par with private agricultural tubewells;

(b) whether the minimum monthly electricity charges will be exempted for Soil Conservation Tubewells as the irrigation water requirement is seasonal;

(c) if yes, by when; and

(d) if not, the reasons thereof ?

----

## करूणामूलक आधार पर रोज़गार

*1865 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में भटियात विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत सरकार को विभिन्न विभागों में करूणामूलक आधार पर कितने-कितने प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए; और

(ख) उन मामलों में से कितनों को नौकरी दे दी गई और कितने मामले शेष हैं; ब्यौरा दें?

----

## नियमितीकरण हेतु नीति

*1866 **श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में सरकार की पंचायत सहायकों, ग्राम रोजगार सेवकों तथा तकनीकी सहायकों को नियमित करने की क्या नीति है; इस सम्बन्ध में कोई नियम निर्धारित किए हैं; और

(ख) यदि हां, तो प्रति सदन के पटल पर रखें ?

----

## पर्यटन विकास निगम का भवन

*1867 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि कुफरी बाजार में पर्यटन विकास निगम का पुराना भवन है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार यहां होटल या स्पोट्र्स क्लब खोलने का विचार रखती है?

----

## नकारा सामग्री की नीलामी

*1868 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद् में नकारा सामग्री की नीलामी की क्या प्रक्रिया है;

(ख) यह सत्य है कि गत वर्ष सरकार ने M&T Circle HPSEBL, बिलासपुर में नकारा सामग्री की नीलामी के लिए निर्धारित प्रक्रिया नहीं अपनाई;

(ग) यदि हां, तो इस पर क्या कार्रवाई की गई; और

(घ) इस नीलामी प्रक्रिया में किन-किन व्यक्तियों व फर्मों ने भाग लिया और कितनी धनराशि की यह सामग्री बिकी; ब्यौरा सभा पटल पर रखें ?

----

## अध्यापकों की नियुक्ति

*1869 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में National Skill Qualification Frame Work कार्यक्रम किसके माध्यम से कितने स्कूलों में चलाया जा रहा है;

(ख) इस कार्यक्रम में नियुक्त अध्यापकों को क्या वेतन दिया जाता है; यह किसके माध्यम से नियुक्त किए गए हैं; और

(ग) सरकार क्या भविष्य में इन अध्यापकों की सेवाओं को अपने अधीन करने का विचार रखती है ?

----

## खाद्य पदार्थ के नमूने

*1870 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

गत एक वर्ष में प्रदेश में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अन्तर्गत उचित मूल्य की दुकानों से खाद्य सामग्री के कितने नमूने किस-किस सामग्री के भरे गए तथा कितने नमूने फेल हुए; जिलावार ब्यौरा दें ?

----

## पशु औषद्यालय की स्थापना

*1871 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने प्रत्येक पंचायत में पशु औषद्यालय खोलने की अधिसूचना जारी की है;

(ख) यदि हां, तो नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी पंचायतों में पशु औषद्यालय खुले; ब्यौरा नाम व पंचायतवार दें;

(ग) इन पशु औषद्यालयों में Veterinary Pharmacists के कितने पद रिक्त हैं और सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

----

## आवासीय परिसरों में पार्किंग सुविधा

***1872 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों के लिए शिमला नगर निगम के अन्तर्गत कुल कितने नए आवासीय भवनों का निर्माण किया जा रहा है तथा उनकी वर्तमान स्थिति क्या है; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार क्या शिमला में पार्किंग समस्या को ध्यान में रखते हुए इन आवासीय परिसरों की धरातल मंजिल में पार्किंग बनाना अनिवार्य करेगी ?

----

## बस सेवा

***1873 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत दो वर्षों में जिला कुल्लू में डिपोशः पास हुए रूटों में से कौन-कौन से रूट स्टाफ व बसों के अभाव में बन्द हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) प्रदेश में बसों की वृद्धि होने के उपरान्त कौन-कौन से रूटों को बहाल कर दिया गया है; ब्यौरा दें ?

----

## उद्योगों की स्थापना

***1874 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकार क्या रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नए लघु उद्योग या अन्य उद्योग लगाने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें; और

(ख) वर्तमान में रोहडू विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने छोटे-बड़े उद्योग स्थापित है; ब्यौरा दें ?

----

## Regularization of Daily Wagers

*1875 **Shri Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that daily wagers are engaged in I&PH, PWD & other Departments on break basis in Spiti; and

(b) if yes, by when the Government proposes to regularize them?

----

## बस अड्डे का सुधार

*1876 **डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वर्तमान में नाहन बस अड्डा दयनीय स्थिति में है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इसके सुधार हेतु क्या पग उठा रही है ?

----

## महाविद्यालय के भवनों हेतु धनराशि

*1877 **श्री बम्बर ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जुखाला, झण्डुता, घुमारवीं व बिलासपुर शहर में महाविद्यालय कब-कब खोले गए; ब्यौरा तिथिवार दें;

(ख) इन कॉलेजों के भवनों के निर्माण हेतु धनराशि कब-कब स्वीकृत की गई; ब्यौरा दें; और

(ग) बिलासपुर कॉलेज में M.A. Economics, M.A. English व BJMC की कक्षाएं किस वर्ष प्रारम्भ की गई ?

----

## सब जज कोर्ट मनाली

*1878 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सब जज कोर्ट मनाली में अधिवक्ताओं के लिए चैम्बर और जनता के लिए Litigant Shed और पार्किंग सुविधा पर्याप्त है;

(ख) यदि हां, तो उपलब्ध सुविधाओं की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार जनहित में इन सुविधाओं की पूर्ति करने का विचार रखती है ?

----

## पुल निर्माण

***1879 श्री पवन काजल (कांगड़ा) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार कांगड़ा विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत गग्गल स्थित मांझी पुल तथा मटौर स्थित मनूनी पुल का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

----

## गैस आपूर्ति

***1880 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि डमटाल गैस एजेंसी के अन्तर्गत कितने उपभोक्ता हैं और क्या सभी को नियमित रूप से गैस की आपूर्ति की जा रही है; ब्यौरा दें ?

----

## Tallai-Kolhari-Chamba Road

*1881 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the latest position of G.P.O.-Tallai-Kolhari-Chamba road (HPPWD-B&R Division Dalhousie/Chamba);

(b) whether the bridge at Kolhari is ready;

(c) whether the forest clearance has been obtained for the entire road; and

(d) what is the estimated cost of this road and by when will it be completed ?

----

## सड़क निर्माण

***1882 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चचुराह से पांगी घाटी को जोड़ने वाली सुरंग तरवाई से बाया देविकोठी को क्या स्वीकृति के लिए भारत सरकार को भेजा गया; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार क्या बया गलवा,फाटी ,बंजल सड़क से चडरू गांव को सड़क से जोड़ने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

----

## Chintpurni Temple

*1883 **Shri Kuldip Kumar (Chintpurni):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the Chintpurni Temple in Una District has been taken over by the Government under H.P. Hindu Public Religious Institutions and Charitable Endowment Act;

(b) whether there is a Trust or Management Committee to manage the affairs of the temple;

(c) what is the criteria to form the Trust/Committee and what is its tenure; and

(d) since last 3 years what is annual income/expenditure of this temple ?

----

## भवन निर्माण

*1884 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में दून विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत पाठशालाओं के भवन निर्माण पर कितना व्यय किया गया तथा किस किस योजना के अन्तर्गत निर्माण किया गया; ब्यौरा दें; और

(ख) वर्तमान में कितने भवनों का निर्माण किया जा रहा है तथा कितने का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है; ब्यौरा दें ?

----

## ICT प्रोजैक्ट

*1885 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में Information Communication Technology प्रोजैक्ट कब से लागू हुआ है;

(ख) इसके प्रथम चरण में कितना बजट प्रावधान था व यह कब पूर्ण हुआ;

(ग) प्रथम चरण में कितने स्कूल Cover किए गए व इनमें क्या-क्या सुविधाएं मुहैया करवाई गई;

(घ) यह सत्य है कि इस प्रोजैक्ट के अन्तर्गत द्वितीय चरण भी आरम्भ कर दिया गया है; और

(ड.) यदि हां, तो इसमें कितना बजट प्रावधान है व यह कितने स्कूलों में शुरू किया जाएगा?

----

## शराब के ठेकों की नीलामी

***1886 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **आबकारी एवं कराधान मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने प्रदेश में शराब के ठेकों की पुनः नीलामी करने का निर्णय लिया था; और

(ख) यदि हां, तो इस निर्णय को बदलने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें ?

----

## वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कलोल

***1887 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जिला बिलासपुर के अन्तर्गत GSSS Kalol के साईंस ब्लॉक के उद्घाटन के बावजूद बिजली का कनैक्शन नहीं दिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो यह कब तक दे दिया जायेगा; ब्यौरा विलम्ब के कारणों सहित दें ?

----

## संजय जल विद्युत परियोजना में आगजनी से नुकसान

***1888 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट) :**
**श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि हाल ही में संजय जल विद्युत परियोजना भावानगर के पावर यूनिट्स में आगजनी की घटना हुई थी;

(ख) यदि हां, तो इससे कितना नुकसान हुआ; और

(ग) इसके लिए बोर्ड के किस- किस स्तर के अधिकारी/कर्मचारी जिम्मेवार हैं ?

----

## प्रधानों का निलम्बन

*1889 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत दो वर्षों के दौरान पच्छाद विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने प्रधानों को Suspend/Terminate किया गया; ब्यौरा प्रधानों का पंचायतवार दें;

(ख) इन प्रधानों के ऊपर क्या-क्या आरोप लगे थे;

(ग) इसके अतिरिक्त किन पंचायत प्रधानों के ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप जांच के उपरान्त सही पाए गए हैं; ब्यौरा दें; और

(घ) जिन प्रधानों के खिलाफ आरोप सिद्ध हुए हैं; उनके खिलाफ क्या कार्रवाई हुई; ब्यौरा दें ?

----

## अवैध खनन हेतु नीति

*1890 **श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सत्य है कि प्रदेश में अवैध खनन को रोकने के लिए सरकार ने कोई नीति बनाई है;

(ख) यदि हां, तो कब और क्या; और

(ग) प्रदेश में पूर्व दो वर्षों में अवैध खनन को रोकने के लिए क्या कदम उठाये हैं; ब्यौरा दें?

----

## सड़क की डी0पी0आर0

*1891 **श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) अर्की विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत पंजली से चम्बधार चण्डी वाया रूढाल-हरिसिंह धार सड़क को विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत लिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो DPR की अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## मुख्य मन्त्री राहत कोष

***1892 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा जिला ऊना के अन्तर्गत मुख्य मन्त्री राहत कोष से कितना धन दिया गया; ब्यौरा विधान सभा चुनाव क्षेत्रवार दें ?

----

## Industrial Unit

***1893 Shri Krishan Lal Thakur(Nalagarh) :**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the Government proposes setting up big industrial units in Nalagarh Assembly Constituency in view of the vast land available there;

(b) if so, by when; and

(c) what is the status of the proposed industrial area at Dabhotta; by when it will be sanctioned?

----

## अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई

***1894 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान चुवाड़ी-जोत सड़क की मरम्मत के लिए तारकोल व अन्य सामग्री उपलब्ध करवाई गई थी;

(ख) यदि हां, तो क्या इस सामग्री से सड़क की मरम्मत न करवा कर उसे बेच दिया गया; और

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा दोषियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

## भवन निर्माण

***1895 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घीड़ी के भवन निर्माण के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत है;

(ख) इस का निर्माण कार्य क्या प्रारम्भ कर दिया गया है या नहीं; और

(ग) यदि नहीं, तो निर्माण कार्य में देरी के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें ?

----

## सब-स्टेशन लस्टाधार

*1896 **श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत लस्टाधार में 66 के0वी0 के विद्युत सब-स्टेशन के कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## Regular Supply of Electricity

*1897 **Shri Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that transmission line from Kinnaur to Kaza is not operational; if yes, since when the line is under construction;

(b) whether it is also a fact that since last many years there is no electricity in Spiti & the Rongtong Hydel Project is under repair since 3 years; and

(c) if so, by when the electricity supply to spiti will be made stable & regular?

----

## घुमारवीं-सरकाघाट सड़क

*1898 **श्री बम्बर ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) घुमारवीं-सरकाघाट सड़क का निर्माण कार्य कब से बन्द है;

(ख) इसके टैंडर पुनः किन कारणों से करवाने पड़े; और

(ग) इस सड़क के निर्माण के लिए क्या समय सीमा निर्धारित की गई है; ब्यौरा दें ?

----

## आयुर्वैदिक अस्पताल कटराईं

***1899 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि आयुर्वैदिक अस्पताल कटराईं में हिमुडा द्वारा भवन निर्माण किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) सरकार ने इस भवन को पूरा करने के लिए कितनी धनराशि का प्राक्कलन तैयार किया है; ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः** 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांकः** 13 मार्च, 2015. **सचिव।**